CS (Main) Exam:2015

C-AVZ-O-IJTA

# इतिहास / HISTORY

## प्रश्न-पत्र I / Paper I

| निर्धारित समय : तीन घंटे | अधिकतम अंक : 250 |
| --- | --- |
| Time Allowed : Three Hours | Maximum Marks : 250 |

### प्रश्न-पत्र के लिए विशिष्ट अनुदेश

***कृपया प्रश्नों के उत्तर देने से पूर्व निम्नलिखित प्रत्येक अनुदेश को ध्यानपूर्वक पढ़ें :***

*इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो **खण्डों** में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** और **अंग्रेज़ी** दोनों में छपे हैं ।*

*परीक्षार्थी को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।*

*प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

*प्रत्येक प्रश्न/भाग के अंक उसके सामने दिए गए हैं ।*

*प्रश्नों के उत्तर उसी माध्यम में लिखे जाने चाहिए जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अंकित निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । उल्लिखित माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।*

*प्रश्नों में शब्द सीमा, जहाँ विनिर्दिष्ट है, का अनुसरण किया जाना चाहिए ।*

*प्रश्नों के उत्तरों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । यदि काटा नहीं हो, तो प्रश्न के उत्तर की गणना की जाएगी चाहे वह उत्तर अंशतः दिया गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़ा हुआ पृष्ठ या उसके अंश को स्पष्ट रूप से काटा जाना चाहिए ।*

### Question Paper Specific Instructions

***Please read each of the following instructions carefully before attempting questions :***

*There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.*

*Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.*

*Questions no. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, any **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** from each section.*

*The number of marks carried by a question / part is indicated against it.*

*Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.*

*Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.*

*Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.*

## खण्ड A

## SECTION A

**Q1.** आपको दिए गए मानचित्र (पृष्ठ 4 पर) पर अंकित निम्न स्थानों की पहचान कीजिए और अपनी प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में उनमें से प्रत्येक पर लगभग 30 शब्दों की संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए । मानचित्र पर अंकित प्रत्येक स्थान के लिए स्थान-निर्धारण संकेत क्रमानुसार दिए गए हैं ।

Identify the following places marked on the map supplied to you (on page 4) and write a short note of about 30 words on each of them in your Question-cum-Answer Booklet. Locational hints for each of the places marked on the map are given below seriatim : $2\frac{1}{2} \times 20 = 50$

(i) नवपाषाणयुगीन स्थल
A Neolithic site

(ii) नवपाषाणयुगीन स्थल
A Neolithic site

(iii) हड़प्पाकालीन स्थल
A Harappan site

(iv) महापाषाणयुगीन स्थल
A Megalithic site

(v) हड़प्पाकालीन स्थल
A Harappan site

(vi) चित्रित-धूसर-मृद्भांड स्थल
A painted-Grey-ware site

(vii) शिलालेख स्थल
An inscriptional site

(viii) महत्त्वपूर्ण प्राचीन नगर
An important ancient city

(ix) प्राचीन बन्दरगाह
An ancient port

(x) प्राचीन गुहाचित्रकला स्थल
A site of ancient cave-paintings

(xi) बौद्ध स्थल
A Buddhist site

(xii) शैक्षिक केन्द्र
An educational centre

(xiii) ब्रह्मदेय ग्राम
Brahmadeya village

(xiv) प्राचीन राजधानी
An ancient capital

(xv) प्राचीन राजधानी
An ancient capital


(xvi) मन्दिर स्थल
A temple site

(xvii) प्राचीन राजधानी
An ancient capital

(xviii) प्राचीन बन्दरगाह
An ancient sea-port

(xix) पुरातात्त्विक मन्दिर स्थल
An archaeological temple site

(xx) हड़प्पाकालीन स्थल
A Harappan site


60° E
70°
80°
90°
100° E
30° N
20° N
10° N
i
ii
iii
iv
v
vi
vii
viii
ix
x
xi
xii
xiii
xiv
xv
xvi
xvii
xviii
xix
xx
Scale 1:20,000,000
km 100 0 100 200 200 400 500 km

**Q2.** (a) प्राचीन भारतीय श्रुति साहित्य का ऐतिहासिक साक्ष्यों के रूप में किस सीमा तक उपयोग किया जा सकता है ?

How far can the ancient Indian Sruti literature be used as historical sources ? *15*

(b) हड़प्पा सभ्यता का पतन पारिस्थितिक निम्नीकरण के कारण हुआ न कि बाह्य आक्रमण के कारण । विवेचना कीजिए ।

The decline of Harappan civilization was caused by ecological degradation rather than external invasion. Discuss. *20*

(c) "पुरातत्त्व-विज्ञान आर्यों को नहीं जानता है; केवल साहित्य ही आर्यों को जानता है ।" समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए ।

"Archaeology knows of no Aryans; only literature knows of Aryans." Examine critically. *15*

**Q3.** (a) यह कहना कहाँ तक सही है कि वैदिकोत्तर काल की अर्थव्यवस्था में हुए परिवर्तनों ने भारत में नए धार्मिक आन्दोलनों को जन्म दिया था ?

How far is it correct to say that changes in the post-Vedic economy gave birth to new religious movements in India ? *20*

(b) मौर्य काल में पश्चिमी एशिया एवं भूमध्यसागरीय संसार के साथ भारत के सम्पर्क की प्रकृति एवं प्रभाव की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Delineate the nature and impact of India's contact with Western Asia and the Mediterranean world during the Mauryan period. *15*

(c) "प्राचीन तमिल साहित्य व्यापक विषमताओं वाले वर्गों का न केवल तथ्यात्मक विवरण प्रस्तुत करता है; वह तमिल देश में व्याप्त सामाजिक अवस्था का प्राय: यथार्थपूर्ण वर्णन भी करता है ।" विवेचना कीजिए ।

"Not only does ancient Tamil literature furnish an accurate picture of widely disparate classes; it also describes the social condition of Tamil country as it was." Discuss. *15*

**Q4.** (a) प्राचीन भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास में श्रेणियों (गिल्ड्स) एवं व्यापारिक संगठनों की भूमिका की रूपरेखा प्रस्तुत कीजिए ।

Trace the role of guilds and trade organisations in the development of early Indian economy. *15*

(b) एलोरा में निर्मित कैलाश मन्दिर भारत में शैलाकृत (रौक-कट) वास्तुकला की पराकाष्ठा का प्रतीक है । प्रकाश डालिए ।

Kailasa temple built at Ellora marks the culmination of rock-cut architecture in India. Elucidate. *15*

(c) चोल शासकों के अधीन स्थानीय स्वशासन उनकी केंद्रीकृत प्रशासनिक संरचना के साथ कैसे सामंजस्य बैठा सकी थी ?

How could the local self-government under the Cholas adjust with their centralised administrative structure ? *20*

## खण्ड B

## SECTION B

**Q5.** निम्नलिखित प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 150 शब्दों में दीजिए :

Answer the following questions in about 150 words each : *10×5=50*

(a) कश्मीर की प्रारंभिक मध्यकालीन मन्दिर स्थापत्यकला का संक्षिप्त विवरण दीजिए ।

Give a brief account of the early medieval temple architecture of Kashmir.

(b) मामल्लपुरम् क्यों प्रसिद्ध है ?

Why is Mamallapuram famous ?

(c) कृष्णदेवराय के अधीन विजयनगर साम्राज्य की राज्य-व्यवस्था के प्रमुख अभिलक्षणों का उल्लेख कीजिए ।

Mention the salient features of the polity of Vijayanagara Empire under Krishnadevaraya.

(d) मंगोल ख़तरे का सामना करने के लिए बलबन ने क्या कदम उठाए थे ?

What measures did Balban adopt to combat the Mongol menace ?

(e) तुज़ुक-ए-बाबरी से कैसे प्रमाणित होता है कि बाबर एक सुसंस्कृत व्यक्ति था ?

How does Tuzuk-i-Babri testify that Babar had been a cultured man ?

**Q6.** (a) क्या हमें उपलब्ध भू-स्वामित्व के साक्ष्य प्रारंभिक मध्यकालीन भारत में सामन्तवाद के प्रचलन की थियोरी का समर्थन करते हैं ?

Do the evidences of land ownership at our disposal support the theory of the prevalence of feudalism in early medieval India ? *15*

(b) दिल्ली सल्तनत की भू-राजस्व प्रणाली तथा न्यायिक-प्रशासन की संक्षिप्त विवेचना कीजिए ।

Discuss in brief the land-revenue system and judicial administration of the Delhi Sultanate. *15*

(c) "सूफ़ी एवं मध्यकालीन रहस्यवादी सन्त इस्लामिक/हिन्दू समाजों के धार्मिक विचारों और आचार (प्रथाओं) को अथवा समाजों की बाह्य संरचना को किसी पर्याप्त मात्रा तक रूपांतरित करने में असफल रहे ।" पक्ष/विपक्ष में टीका कीजिए ।

"Sufis and medieval mystic saints failed to modify either the religious ideas and practices or the outward structure of Islamic/Hindu societies to any appreciable extent." Comment for/against. *20*

**Q7.** (a) साहित्य एवं कला के संरक्षक के रूप में राणा कुम्भा का आकलन कीजिए ।

Make an estimate of Rana Kumbha as a patron of literature and art. *20*

(b) सोलहवीं शताब्दी को भारतीय पुनर्जागरण का काल क्यों मानना चाहिए ?

Why should the sixteenth century be regarded as the period of Indian Renaissance ? *15*

(c) "तंत्रवाद ने व्यावहारिक रूप में न सही, कम-से-कम संकल्पनात्मक स्तर पर तो अवश्य ही पितृतंत्र को चुनौती दी थी ।" उपर्युक्त सन्दर्भ को विशेष रूप से ध्यान में रखते हुए तंत्रवाद का परीक्षण कीजिए ।

"Tantrism, if not in practice, at least on conceptual level challenged patriarchy." Examine Tantrism specially keeping in mind the above context. *15*

**Q8.** (a) "मध्यकालीन भारतीय इतिहास में, अकबर अपने धार्मिक-राजनीतिक विचारों व नीतियों के कारण अद्वितीय था ।" इस कथन का विश्लेषण कीजिए ।

"In medieval Indian history Akbar was unique for his religio-political ideas and policies." Analyse this statement. *20*

(b) क्या यह कहना समीचीन नहीं होगा कि मुगलकालीन भारत में ग्रामीण अर्थव्यवस्था अपेक्षाकृत आत्म-निर्भर थी ?

Will it not be correct to say that the rural economy in Mughal India was relatively self-sufficient ? *15*

(c) पेशवाओं के अधिकारीतंत्रीय प्रबंधन की साम्राज्यिक मुगल प्रशासन के अधिकारीतंत्रीय प्रबंधन से तुलना कीजिए ।

Compare the Peshwas' bureaucratic management with that of the Imperial Mughal administration. *15*